

## एक नजर में

### सहकारी क्षेत्र में डिजिटल क्रांति, जिले की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाऐं हुई कम्प्युटराईज्ड'

**रतलाम।** भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी ''सहकार से समृद्धि'' योजना अंतर्गत भारत की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं को कम्प्यूटराइज्ड किया जाकर ऑनलाईन मोड में कार्य करवाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रतलाम से संबद्ध समस्त 103 प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाऐं कम्प्यूटराईज्ड होकर ऑनलाईन मोड में कार्य करने लगी है। बैंक एवं संस्थाओं के कर्मचारियों द्वारा 10 चरणों में क्रमबद्ध तरीके से कार्य कर अपने सतत् प्रयासों से यह उपलब्धि प्राप्त की गई है। पैक्स कम्प्युटराईजेशन से ऑनलाईन मोड में कार्य प्रारंभ करने पर सहकारी क्षेत्र से जुड़े लाखो किसानों को नगद राशि, खाद, बीज, दवाईयों का त्वरित वितरण किया जा सकेगा। किसानों द्वारा लिये गये ऋण की जानकारी तुरंत एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। सहकारी समितियों के लेखो में शुद्धता एवं पारदर्शिता आयेगी। सहकारी संस्थाओं की क्षमता, दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। पैक्स कम्प्युटराईजेशन से समितियां अपने व्यवसाय में विविधिकरण कर जैसे जनऔषधी केन्द्र, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, धर्म-कांटा, कृषि उत्पादों का प्रसंसकरण/मार्केटिंग जैसे बहुआयामी व्यापार कर लाभ अर्जन कर सकेगी। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सुगमता आयेगी इससे ग्रामीण समुदायों का विकास होगा और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में उपायुक्त सहकारिता एन.एस.भाटी, तत्कालीन बैंक महाप्रबंधक आलोक जैन, बैंक महाप्रबंधक कृतज्ञ गुप्ता, प्रबंधक (प्रशासन) सुश्री आंचल श्रोत्रिय, मास्टर ट्रेनर अरविन्द वत्स, दीपक शेलके, सभी शाखा प्रबंधक, समिति प्रबधंक, सहायक समिति प्रबंधक एवं समस्त संस्थाओं के कम्प्यूटर ऑपरेटरों के संयुक्त प्रयासों से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

### वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा 5 मार्च गुरुवार को भाईदूज (होलिका दहन के पश्चात), 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी एवं 11 नवंबर बुधवार को भाईदूज (दीपावली के पश्चात) पर्व पर सम्पूर्ण जिले में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए।

### कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर, ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। आज 04 फरवरी को विकासखंड आलोट के पंथ पिपलौदा, खेता खेड़ी, चापला खेड़ी, मंडावल विकासखंड बजाना के भगासेलोद का टापरा, घटालिया, मरगुल विकासखंड पिपलोदा के पिंगराला, जड़वासा, माननखेडा विकासखंड सैलाना के दौलतपुरा, बरडा विकासखंड रतलाम के भरोडा बडोदा, मेवासा, काण्डरवास विकासखंड जावरा के बिनोली, आलामपुर ठिकरिया, बडवा में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, पराली न जलाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई। 5 फरवरी को विकासखंड आलोट के किट खेड़ी, लसुड़िया सूरजमल, कोठड़ी कारवा, ताज खेड़ा विकासखंड बाजना के देवला, सिंगत, जाबड़ विकासखंड सैलाना के डूंगरापुंजा, केल्दा विकासखंड रतलाम के कुंवाझागर, कलमोडा, आलनिया विकासखंड जावरा के सिंदूरकिया, खोजनखेड़ा, लसुड़िया जंगली में रथ भ्रमण करेगा। किसान भाई इन पंचायतों में सम्मिलित होकर उक्त योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### 5 आदतन अपराधियों पर बीएनएसएस के तहत जेल वारंट, 4 गिरफ्तार, भेजा जेल

**जावरा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं वैधानिक कार्रवाई की गई। जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 5 आदतन अपराधियों के विरुद्ध धारा 141(1) बीएनएसएस के अंतर्गत उपखंड मजिस्ट्रेट (स्ष्ट्ररू) कार्यालय से जेल वारंट जारी कराए गए। जारी वारंटों के पालन में 4 आदतन अपराधियों को आज गिरफ्तार कर विधिवत जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी गोपाल पिता रामचंद्र, निवासी हलदुनी, बंकट पिता नरसिंह, निवासी खिमाखेड़ी, लछमन पिता कारूलाल, निवासी भूतेड़ा, कालूराम पिता माधुलाल, निवासी लाला खेड़ा को गिरफ्तार कर भेजा जेल भेजा। साथ ही एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं। उक्त कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर रोक, आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता का स्पष्ट संदेश देना है। पुलिस द्वारा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## सब्जी मंडी में जैविक हाट लगाने की तैयारी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पावर हाउस रोड स्थित सब्जी मण्डी में जैविक हाट लगाने हेतु तैयारियां की जा रही हैं। इसी को लेकर बुधवार को लेकर ने मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं को भी देखा।

**कलेक्टर ने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया**



कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने बुधवार को कृषि उपज मण्डी समिति जिला रतलाम स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मिट्टी नमूनों लैब में प्राप्त होने से लेकर स्वाईल हैल्थ कार्ड जारी करने तक की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। लेब टेक्निशियन गोपाल ओरा द्वारा बताया गया कि लैब में मिट्टी नमूना प्राप्त होने पर 12 पेरामीटर्स पर मिट्टी परीक्षण कर स्वाईल हैल्थ कार्ड जारी किया जाता है एवं 1 दिन में अधिकतम 50 नमूनों का परीक्षण किया जाता है साथ ही कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा लिये गये मिट्टी नमूनों की पोर्टल पर दर्ज जानकारी अनुसार समीक्षा की गई। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत भी मिट्टी नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशालाओं को प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने हेतु उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला रतलाम को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के द्वारा आदेशित किया गया कि नमूना प्राप्ति दिनांक के साथ ही स्वाईल हैल्थ कार्ड भेजने का दिनांक भी अंकित किया जाये। नमूना प्राप्ति के पश्चात कम से कम समय में परीक्षण करके वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाये।

स्वाईल हैल्थ कार्ड में उर्वरक उपयोग विकल्प के साथ ही जैविक प्रोडक्ट के उपयोग का विकल्प डालने हेतु वरिष्ठालय को प्रस्ताव भेजा जाए।

कलेक्टर ने पावर हाउस रोड स्थित सब्जी मण्डी में जैविक हाट लगाने हेतु तैयारियों का जायजा लिया। मण्डी सचिव को पूर्ण तैयारी करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने मण्डी में विभिन्न दुकानो का निरीक्षण किया तथा मण्डी स्थित गोडाउन को उपयोग में लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उप संचालक कृषि, मण्डी सचिव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रतलाम उपस्थित थे।

**नोटिस जारी**

लेब टेक्निशियन गोपाल ओरा द्वारा बताया गया कि लैब में मिट्टी नमूना प्राप्त होने पर 12 पेरामीटर्स पर मिट्टी परीक्षण कर स्वाईल हैल्थ कार्ड जारी किया जाता है एवं 1 दिन में अधिकतम 50 नमूनों का परीक्षण किया जाता है साथ ही कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा लिये गये मिट्टी नमूनों की पोर्टल पर दर्ज जानकारी अनुसार समीक्षा की गई। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत भी मिट्टी नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशालाओं को प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने हेतु उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला रतलाम को निर्देशित किया।



## सीएमएचओ ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने मंगलवार को रतलाम शहरी क्षेत्र के टीआईटी रोड, हाकिम वाड़ा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां पहुंचकर उन्होंने आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं की मॉनिटरिंग की।

स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर हब एंड स्पोक के माध्यम से मरीजों की लेबोरेटरी जांच सुविधा का भी निरीक्षण किया और सभी मरीजों को उनकी पैथोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन भेजने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीयन अनमोल एप में करने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को आवश्यक मैनेजमेंट करने की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कर्मचारियों/स्वास्थ्य सेवकों द्वारा किए जा रहे कार्य प्रतिवेदन का भी अवलोकन किया और सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

डॉ संध्या बेलसरे ने कहा कि शहर में मातृ मृत्यु होने अथवा शिशु मृत्यु होने की स्थिति में इसकी सूचना तत्काल जिला मुख्यालय पर दी जाए ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के समय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ गौरव बोरीवाल, सब इंजीनियर श्रीमती कामिनी देवड़ा, एलडीसी एम आई एस नरेंद्र कछावा उपस्थित थे।

### भाजपा ने वोटर लिस्ट में हेरा फेरी की : कांग्रेस

**रतलाम।** भाजपा द्वारा वोटर लिस्ट में षडयंत्र पूर्वक हेरा फेरी और वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा घांस बजार चौराहे पर विशाल धरना दिया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा द्वारा प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ मेल जोल कर रतलाम शहर की वोटर लिस्ट में 16000 से अधिक बोगस नाम जुडवाने और 22000 वास्तविक वोटर के नाम कटवाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। नगर विधायक और मंत्री चेतन काश्यप इसके लिए जिला प्रशासन पर लगातार दबाव बना रहे हैं। भाजपा द्वारा वोटर लिस्ट में हेरा फेरी के इस खतरनाक षड्यंत्र के खिलाफ शहर कांग्रेस द्वारा घांस बाजार चौराहा पर 5 फरवरी को प्रात: 11 बजे से विशाल धरना दिया जाएगा।

**घास बाजार में आज कांग्रेस का धरना**

## कैंसर दिवस पर स्कूलों में जागरूकता का दिलवाया संकल्प



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** विश्व कैंसर दिवस पर मध्यप्रदेश कैंसर नियंत्रण सोसायटी की रतलाम इकाई ने स्कूलों और संजीवनी क्लिनिक पर पहुंच कर कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता का संकल्प दिलवाया और तम्बाकू पाउच से कैंसर के खतरों के पोस्टर बंटवाए। सोसायटी के आजीवन सदस्य अशोक अग्रवाल की पहल पर कैंसर पीड़ितों की सहायता में अग्रणी साहित्यकार डॉ प्रदीपसिंह राव ने शा.सीएम राइज सांदीपनी उ.मा. विद्यालय और विनोबा माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को संकल्प दिलवाया कि, 'समाज में फैल रही इस विकृति की रोकथाम के लिए आजीवन जागरूक रहेंगे।' संस्था के उप प्राचार्य गजेन्द्रसिंह राठौर, एच एम कपिल मिश्र एवं कविता वर्मा ने कैंसर नियंत्रण के कैलेंडर, पोस्टर और पुस्तकें भेंट की। डॉ राव ने कहा कि विगत वर्ष 2025तक प्रदेश में एक लाख से अधिक कैंसर पीड़ित मरीज बढ़ चुके हैं। जिनमें 43 हजार से अधिक पुरुष और 43400 से अधिक महिलाएं पीड़ित हैं। मध्य प्रदेश में लगभग प्रतिवर्ष 4946 कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं, जो एशिया में दूसरे नंबर पर है। इसलिए स्कूलों में बहुत अधिक सतर्कता रखनी होगी। अशोक अग्रवाल और डॉ प्रदीपसिंह राव इस दिशा में एक राष्ट्र स्तरीय स्मारिका (,मार्ग दर्शिका) शीघ्र प्रकाशित करेगें।

**बिलपांक में विश्व कैंसर रोग दिवस पर स्क्रीनिंग की**

**रतलाम।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रतलाम जिले के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण ,आवश्यक जांच ,उपचार एवं जन जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई। रतलाम जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धराड़ पर बुधवार को सुबह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने पहुंचकर सीएचएमओ ने, प्रसव पश्चात कक्ष में प्रसूता माताओं से चर्चा की और उन्हें शिशु जन्म के बाद मां का पहला गाढ़ा दूध पिलाने , छह माह तक केवल स्तनपान कराने , 6 माह बाद पूरक पोषण आहार प्रारंभ करने तथा 2 वर्ष की आयु तक अथवा बच्चा जब तक चाहे स्तनपान जारी रखने के संबंध में परामर्श प्रदान किया। सीएमएचओ ने वहां उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओं को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने तथा सभी बच्चों का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। डॉ संध्या बेलसरे ने कहा कि आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की सूची तैयार करके उनके घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाकर प्रदान करें। इस कार्य में कोई कठिनाई होने पर क्षेत्र के पंचायत सचिव से आवश्यक सहयोग प्राप्त करें तथा सभी वृद्ध जनों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करें। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिलपांक में भी विश्व कैंसर रोग दिवस पर नर्सिंग ऑफिसर सुशीला गामड़, एएनएम समता पंचाल की उपस्थिति में ओरल ,सर्वाइकल ,ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। जांच की एंट्री एनसीडी पोर्टल के माध्यम से की गई।

### गौ माता को चुराते पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**जावरा।** ग्राम भूतेड़ा राधा कृष्ण गौशाला में कई दिनों से लगातार गायों की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो रही थी। गौ माता की संख्या भी कम हो रही थी, जिसकी चिंता में कुछ युवा ग्रामवासी गौ शाला के आसपास रात्रि खेत में छुप कर ध्यान रख रहे थे। इसी बीच मंगलवार रात 9:30 बजे गांव का ही एक संदिग्ध राजू पांचाल गौशाला से गाय को लेकर अपनी झोपडी में ले गया एवं दूसरी गाय ले जाने का प्रयास कर ही रहा था कि ग्रामीणो ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। फिर डायल 112 बुलाया ओर उसे ओद्योगिक थाने ले जाया गया। सुचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे एवं पुलिस से सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान की समझाइश के बाद आक्रोशित ग्रामीण माने एवं अपराधी को पुलिस के सुपर्द किया। थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया उक्त कार्वाई कर मामला जांच मे लिया।

## नपा सम्मेलन में सीएमएचओ ने प्रस्तुत किए 9 प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

सैलाना।नगर परिषद का साधारण सम्मेलनसम्पन्न हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला ने सम्मेलन की अध्यक्षता की जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा 9 प्रस्ताव प्रस्तुत किये।



सम्मेलन में नामांतरण के 54 प्रकरण एवं दुकान नामांतरण के 04 प्रकरण स्वीकृत किये गये जिसमे कल्याणी पेंशन 01, वृद्धावस्था पेंशन 08 एवं दिव्यांग पेंशन का 01 कुल 10 पेंशन प्रकरणों को स्वीकृत किये जाने पर सर्व सम्मति से सहमति व्यक्त की गई।बस स्टेण्ड स्थित दुकान क्रमांक एफ-7 ऑनलाइन निविदा जारी कर नीलामी की कार्यवाही की गई थी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त दुकान की नीलामी में प्रक्रियागत त्रृटि हुई है परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रकरण में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन संभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जावे। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जल प्रदाय, स्वच्छता एवं विद्युत व्यवस्था पर होने वाले वार्षिक व्यय की स्वीकृति प्रदान कर निर्णय लिया। नगर में कुछ सब्जी विक्रेताओं के द्वारा अत्यधिक आवाज में लाउड स्पीकर बजाय जाते है जिससे लोगों को असुविधा होती है उन पर तत्काल रोक लगाई जाने हेतु थाना प्रभारी सैलाना को पत्र प्रेषित किया जावे। नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने पर भी चर्चा की गई।सम्मेलन में उपाध्यक्ष सुनीता पाठक, पार्षदगण जगदीश पाटीदार, नेता प्रतिपक्ष मुकेश पाटीदार, मीरा राजेश पाटीदार, सलोनी प्रशांत माण्डोत, कुलदीप कुमावत, राधा बद्रीलाल पाटीदार, चंदा दिनेश पारगी, पुष्पा ईश्वर लाल राठौर, आशा किशोर कसेरा, विशाल धबाई, हेमलता विशाल धबाई, मंगलेश कसेरा सहित परिषद के विभागीय प्रभारी धन्नालाल परमार, भीमसेन लहरी, धीरज रावत, मोनिका भूरिया, हुकमीचंद परिहार, अभिमन्यु ग्वाले,शैलेंद्र सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

### अभियान में पांच लाख रूपए से अधिक की शराबत जब्त

**रतलाम।** आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके तहत लगातार कार्वाइ की गई। बुधवार को अलग-अलग गहत से पांच लाख रूपए से अधिक की शराब जब्त की गई।

**अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध सघन अभियान**

मिशा सिंह के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोहर खरे के नेतृत्व में, अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बुधवार को वृत्त सैलाना' प्रभारी अधिकारी चेतन वैद द्वारा वृत क्षेत्र के रानीसिंग थाना रावटी मे रानीसिंग रावटी मार्ग पर दिनेश पिता प्रभु झोडिया को अवैध रूप से बिना नंबर की बोलेरो चार पहिया वाहन से परिवहन करते हुए 07 पेटी विदेशी मदिरा बियर एवं 01 पेटी देशी मदिरा इस प्रकार कुल 93 बल्क लीटर अवैध मदिरा ज़ब्त कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। इस प्रकार कुल जब्त मदिरा एवं वाहन कीमत '521000/-' रुपए आंकी गई। उक्त कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, आरक्षक रामचरण पंवार, बन सिंह अहरे, सैनिक नरेंद्र सिंह भाटी, चेतराम का योगदान रहा।

## फोरलेन कंपनी की सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाया

**जावरा।** जावरा नयागांव फोरलेन मार्ग पर ढोढर में सर्विस लेन पर कंपनी द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम बुधवार से शुरू हुई, जिसमें कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, नायब तहसीलदार वैभव जैन और राजस्व अमले के साथ पुलिस अमला भी मोजुद था।फोरलेन कंपनी द्वारा 13 जनवरी की फोरलेन किनारे निवास कर रहे रहवासियों और दुकानदारों को नोटिस देकर 7 दिनों के भीतर घरों के बाहर नालियों के ऊपर और उनकी सीमा में कच्चे पक्के निर्माण को हटाने कि बात कही थी। 20 दिन बाद मंगलवार को फोरलेन कंपनी द्वारा नगर में अनाउंसमेंट कर लोगो को बोला, कुछ लोगो ने पहले ही अपने घरों के बाहर लगा रखे पतरे के शेड हटा लिए थे। बुधवार को सुबह 11 बजे कंपनी के अधिकारी,नायब तहसीलदार वैभव जैन और पुलिस के साथ जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंच गए। इसके बाद पूरे नगर में अतिक्रमण को लेकर हड़कंप सा मच गया। जब से फोरलेन बना उस समय से ही कंपनी द्वारा जो नालिया बनाई गई उनको लेकर विरोध होता रहा है, क्यों की जो नालियां बनाई गई वो 6 फिट के लगभग गहरी बनाई गई थी। लेकिन कंपनी के अधिकारियों ने लोगो की एक बात नहीं सुनी और जो नालियां बनाई गई थी वह कई जगह से पूरी तरह टूट गई और सफाई नहीं होने के कारण बारिश के समय सर्विस लेन पर पानी रोड़ पर भर जाता है। जिसे लेकर पंचायत द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर नालियों की सफाई का मुद्दा उठाया। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा कंपनी के अधिकारियों को नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए। फोरलेन कंपनी द्वारा हर बार एक ही बात कही गई की हम सफाई केसे करें लोगो ने नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है। जिसके बाद कंपनी ने लोगो को नोटिस देकर नालियों के ऊपर से 7 दिन में अतिक्रमण हटाने को कहा।

**घर के बाहर बने ओटलो को तोड़ने पर लोगों में गुस्सा, आज भी जारी रहेगी मुहिम**



**ज्ञापन** — सीनियर सिटीजन ने कार्ड बनवाने श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति ने दिया ज्ञापन-

## वरिष्ठ नागरिक लंबे समय से सीनियर सिटीजन कार्ड के लिए कर रहे प्रतीक्षा

नवभारत न्यूज़

**जावरा।** भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु बनाए जाने वाले सीनियर सिटीजन कार्ड के निर्माण में हो रही देरी को लेकर अब सामाजिक संगठनों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति द्वारा जिला प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।



समिति द्वारा कलेक्टर के नाम आवेदन अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल को प्रस्तुत किया, जिसमें सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्ड बनकर दिया जाना आवश्यक है, जिससे उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**कई वरिष्ठ नागरिक प्रतीक्षा में हैं:** समिति सचिव राजकुमार हरण ने बताया कि वर्तमान में संस्था से जुड़े सदस्य सभी वरिष्ठ नागरिक हैं, जो लंबे समय से सीनियर सिटीजन कार्ड के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। समिति ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि यदि निर्देश दिए जाएँ, तो सभी सदस्यों के आधार कार्ड, फोटो एवं सदस्य सूची तत्काल उपलब्ध कराई जा सकती है।

**राजस्व अधिकारियों से हो चुकी है चर्चा:** आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि दिनांक 19 जनवरी 2026 को वरिष्ठजनों के प्रतिनिधिमंडल समिति अध्यक्ष अभय सुराणा केनेतृत्व में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जावरा से मुलाकात कर इस विषय पर सकारात्मक चर्चा की थी।आपका कहना है कि सीनियर सिटीजन कार्ड नहीं बनने के कारण सीनियर सिटीजन शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, स्वास्थ्य लाभ, यात्रा रियायत एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति चिंता का विषय है।

### प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग-

समिति के अध्यक्ष अभय सुराणा ने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि वह इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी कर शीघ्र कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू कराए, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को उनका अधिकार समय पर मिल सके। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मांग पर कितनी गंभीरता से संज्ञान लेता है और कब तक वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलती है। इस अवसर पर वरिष्ठ आनंदीलाल संघवी, नेमीचंद जैन, प्रकाशचंद संघवी, अनिल धारीवाल, शिखरचंद जैन आदि सदस्यगण उपस्थित थे।